हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 31 दिसंबर 2023

06 कमलापुर का मामलाः निर्माण स्थल चयन में उलझा...



07 नपा का बनेगा नया भवन, शहर में सीसी रोड और...





### कार्यक्रम में अभिनंदन पत्रों का किया वितरण, योजनाओं की दी जानकारी

## विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत चादनगांव व सुतड़ा पहुंची



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

वंचितों एवं अपेक्षितों को केन्द्र शासन की योजनाओं को समयबद्ध लाभ प्रदान करने के लिए जिले में 16 दिसम्बर से प्रारंभ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले की ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों में पहुंच रही है। यात्रा अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित कर सभी पात्र हितग्राहियों को केन्द्रीय योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत आगर की ग्राम पंचायत चादनगांव एवं सुतड़ा पहुंची, जहां जन-जागरूकता की गतिविधियां संचालित की गई तथा पात्र व्यक्तियों को लाभ देने के लिए विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किए। योजनाओं में पूर्व से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभवों को साझा कर शासन की योजनाओं की प्रशंसा की।



इस अवसर पर हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के अंतर्गत मूल घटकों के कार्यान्वयन में 99 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण करने पर अभिनंदन पत्रों का वितरण किया गया। इस दौरान शासकीय अधिकारी कर्मचारी तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विभाग के कर्मचारी, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी व भाजपा वरिष्ठ नेता कैलाश परिहार, मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र दरबार,जिला पंचायत सदस्य मुकेश केलकर, श्याम पाटीदार, गोवर्धन लाल मालवीय, राजन सिंह खींची, अम्रत लाल परमार, गोकुल प्रसाद भड़भूंजी आदि उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत ग्राम पंचायत सुतड़ा के सरपंच कालू सिंह खींची ने किया एवं आभार गोकुल चौहान उपसरपंच सुतड़ा द्वारा किया गया।

## तृतीय वर्ष की परीक्षा पुरानी प्रणाली से कराने की मांग लेकर सौंपा ज्ञापन

### विश्वविद्यालय की उदासीनता के चलते छात्र असमंजस में, नई शिक्षा नीति के छात्रों के तृतीय वर्ष के परीक्षा फॉर्म की तारीख 30 दिसंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा



छात्रों के हितों को देखते हुए पुरानी परीक्षा प्रणाली से परीक्षा करवाने की मांग को लेकर एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव अंकुश भटनागर के नेतृत्व में शासकीय नेहरू कॉलेज की प्राचार्य को कुलपति विक्रम विश्वविद्यालय के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि मध्यप्रदेश में शिक्षा व्यवस्था दिन पे दिन बिगड़ती जा रही है। बीएबी कॉम एवं बीएससी नियमित के छात्रों के दूसरे वर्ष का परीक्षा परिणाम इसी माह आया। पहले तो छात्रों के परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी कर दी थी, अब कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्रों से कहा जा रहा है कि आप नई शिक्षा नीति से परीक्षा फॉर्म जमा कर दीजिए। जिन छात्रों ने दो वर्ष तक पुरानी शिक्षा नीति से परीक्षा दी व तृतीय वर्ष की भी तैयारी पुरानी शिक्षा नीति से की तो वो छात्र कैसे नई शिक्षा नीति से परीक्षा दे सकेगा या फिर पुरानी शिक्षा नीति से प्राइवेट परीक्षा फार्म भरने का दबाव दिया जा रहा। जबकि बीएससी कंप्यूटर साइंस का छात्र प्राइवेट करने की मान्यता ही नहीं है। विश्वविद्यालय की उदासीनता के चलते छात्र असमंजस में हैं। क्योंकि नई शिक्षा नीति के छात्रों के तृतीय वर्ष के परीक्षा फॉर्म की तारीख 30 दिसंबर आखरी है। छात्रों ने कुलपति से मांग की गई है छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए बीए, बीकॉम एवं बीएससी तृतीय वर्ष के छात्रों की परीक्षा पुरानी शिक्षा नीति से करवाने का आदेश तत्काल प्रभाव से जारी किया जाए अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देते समय एनएसयूआई जिला अध्यक्ष इमरान अली, प्रिया गवली, अजय यादव, सपना मालवीय, किरण सोलंकी, रघुवीर सिंह, निर्मला परिहार, वंदना राजपूत, आयुषी जैन, सीमा यादव, पायल जायसवाल, साक्षी यादव, शिवानी यादव, वैभव मालवीय सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

## आवारा कुत्तों का बढ़ रहा आतंक, गाय के बछड़े को काटकर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में आवारा कुत्तों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। शनिवार को आवारा कुत्ते ने गाय के एक बछड़े को काट कर घायल कर दिया, जिसका उपचार गोसेवकों ने पशु चिकित्सक से करवाया । हरिभूमि द्वारा नगर में 10 से 15 की संख्या में घूम रहे आवारा कुत्तों के झुंड के बारे में समाचार प्रकाशित कर जिम्मेदारों को संज्ञान में लाया गया था कि इनके कारण महिलाओं व बच्चों में भय व्याप्त है और ये गाय व उनके बछड़ों पर भी झूम रहे हैं।

शनिवार को ऐसे ही आवारा कुत्तों के झुंड में शामिल एक कुत्ते द्वारा सरदार पटेल चौराहे पर वेयरहाउस के सामने मुख्य सड़क पर गाय के एक बछड़े को बुरी तरह काट कर घायल कर दिया। घायल बछड़े का उपचार स्थानीय गोसेवकों द्वारा पशु चिकित्सक से करवाया गया। नगर में जिस प्रकार से आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ रही है वह चिंता का विषय है। नगर परिषद इन्हें पकड़कर जंगल मे भी छोड़ रही है, लेकिन दो से चार दिन में ही उससे अधिक संख्या में कुत्ते पुनः नगर में दिखाई देने लगते है। इन कुत्तों के झुंड के सड़क पर घूमने से भय व्याप्त हो रहा है। ये कुत्ते किसी भी दिन कोई बड़ी घटना को भी अंजाम दे सकते हैं। नगर परिषद को इन्हें पकड़कर फिर से जंगल में छोड़ने की तो आवश्यकता है, लेकिन इनका प्रजनन रोकने के लिए शासन को इनकी नसबंदी करने का भी अभियान चलाना चाहिए, ताकि इनकी संख्या में वृद्धि नहीं हो पाए।


आवारा कुत्तों की फिर से भरमार, झुंड बनाकर घूम रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

क बार फिर से नगर में आवारा कुत्तों की रमार हो गई है, जोकि झुंड बनाकर गली-ली घूम रहे हैं। जिसके कारण आम नागरिक वशेषकर बच्चों एवं महिलाओं में भय व्याप्त । नगर परिषद द्वारा कुछ दिनों पूर्व नगर में भावारा कुत्तों को पकड़ने की मुहिम चलाई थी जसमे बड़ी संख्या में ऐसे कुत्तों को पकड़कर गंगल मे छोड़ा गया था। लेकिन कुछ ही दिनों एक बार फिर से नगर में आवारा कुत्तों की रमार हो गई है। ये आवारा कुते 15 से 20 की संख्या में झुंड बनाकर गली-गली घूम रहे हैं। ये जधर भी जाते हैं उधर राह चलते आमजन वशेषकर बच्चे व महिलाएं इनके भय के कारण या तो घरों में चले जाते हैं या किसी सुरक्षित स्थान पर रुक जाते हैं।

जानकारी के अनुसार विगत कुछ दिनों में ये कुत्ते कुछ बच्चों व महिलाओं के पीछे भी लग चुके हैं जो बड़ी मुश्किल से इनसे बच पाए हैं। दो दिनों पूर्व ऐसे ही कुत्तों का एक झुंड गाय के एक छोटे बछड़े के पीछे लग गए थे जिसे नागरिकों द्वारा जैसे - तैसे बचाया गया। ये आवारा कुत्ते किसी को काटकर घायल करें उसके पूर्व ही नगर परिषद द्वारा इन्हें पकड़कर बहुत दूर जंगल मे छोड़ देना चाहिए। साथ ही इन्हें पकड़ने की मुहिम मात्र एक दिन नहीं चलाकर लगातार कुछ दिनों तक चलाई जाना चाहिए, जिससे ऐसे सभी कुत्तों को पकड़ा जा सके।

अभियान चलाएंगे

कुत्तों की धरपकड़ को लेकर एक सप्ताह तक सतत अभियान चलाया जाएगा और उन्हें पकड़कर नगर सीमा से बाहर भेजा जाएगा।

देवेंद्र वत्स, मुख्य नगर परिषद अधिकारी नलखेड़ा

## नगर में महिलाओं की भी निकलने लगी प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आगामी 22 जनवरी को राम जन्म भूमि अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व नगर में प्रतिदिन प्रभातफेरी निकाली जा रही है। अब पुरुषों के साथ महिलाओं की प्रभातफेरी भी निकलना प्रारंभ हो गई है। शनिवार को दोनों प्रभातफेरियों का चौक बाजार में समागम हुआ।

### प्रतिदिन राम भक्तों का बढ़ता जा रहा कारवां

अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर में विगत एक पखवाड़े से भी अधिक समय से रामभक्तों द्वारा झांझ, मजीरे, ढोलक की थाप पर रामधुन गाते हुए प्रातः 6 बजे से प्रभातफेरी निकाली जा रही है। जिसमें दिन प्रतिदिन राम भक्तों का कारवां बढ़ता ही जा रहा है। नगर के कुछ राम भक्तों द्वारा प्रारंभ की गई इस प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में राम भक्तों द्वारा भाग लिया जा रहा है। प्रतिदिन निकल रही प्रभातफेरी हर रोज अलग-अलग मोहल्लों से प्रारम्भ होकर अलग-अलग मार्गों पर भ्रमण कर रही है। अब पुरुषों के साथ महिलाओं की प्रभातफेरी भी प्रारम्भ हो चुकी है। शनिवार को पुरुषों की प्रभातफेरी प्रातः 6 बजे चौक बाजार से एवं महिलाओं की इसी समय पर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई। दोनों प्रभातफेरियों में कड़कड़ाती ठंड में बच्चे भी उत्साह से भाग ले रहे हैं। दोनों प्रभातफेरी नगर के अलग अलग मोहल्लों से होती हुई चौक बाजार पहुंची। पुरुषों की मुखर्जी मार्ग की ओर से जबकि महिलाओं की गणेश चौराहे की ओर से एक ही समय पर चौक बाजार में पहुंची, जहां दोनों प्रभातफेरियों का समागम हुआ। प्रभातफेरी के समापन पर प्रतिदिन चौक बाजार में स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सामूहिक रूप से राम स्तुति का पाठ किया जा रहा है।





## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

### नीमा ग्राउंड पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर के नीमा ग्राउंड पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नववर्ष के उपलक्ष्य में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ शनिवार से हुआ। भागवत प्रवक्ता पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी सात दिवस तक अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। भागवत कथा के पूर्व नगर में कलश यात्रा निकाली गई। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नव वर्ष के उपलक्ष्य में 30 दिसंबर से 5 जनवरी तक पुलिस थाने के पीछे स्थित नीमा ग्राउंड पर दोपहर 1 से 4 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नगर के ही भागवत प्रवक्ता पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी उपस्थित श्रोताओं को कथा का रसपान कराएंगे।



कथा प्रारम्भ होने के पूर्व चौक बाजार में स्थित प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा के साथ भागवत जी की शोभायात्रा नगर में बैंड बाजों के साथ निकाली गई। जिसमें भक्त सिर पर भागवत जी को धारण कर चल रहे थे। शोभायात्रा प्रमुख मार्गो से होती हुई नीमा ग्राउंड पर पहुंची। जहां पर भागवत जी की आरती व पूजन के साथ पंडित चतुर्भुज शास्त्री का सम्मान भक्तों द्वारा किया गया। कथा के विश्राम पर व्यासपीठ की आरती कर भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया। गौरतलब है कि भागवत सेवा समिति द्वारा विगत कई वर्षों से नववर्ष के अवसर पर श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

### जहां धर्म होता है वहां ईश्वर का साथ होता है : पंडित चतुर्वेदी

इंसान को हमेशा धर्म एवं न्याय नीति पर ही चलना चाहिए, चाहे कैसी भी स्थिति हो धर्म का साथ नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि जहां धर्म होता है वहां ईश्वर का साथ रहता है। परमात्मा भी उसी का साथ देते हैं, जो अन्याय एवं अधर्म का साथ देता है वह व्यक्ति ईश्वर की कृपा का कभी पात्र नहीं बन सकता। उक्त विचार स्थानीय नीमा ग्राउंड पर श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस कथा वाचक पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी ने उपस्थित भक्तजनों के समक्ष अपने मुखारविंद से व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण स्वयं हजारों की अधर्मी भीड़ को छोड़कर धर्म एवं न्याय नीति के साथ रहे थे। व्यक्ति को अपने मान एवं सम्मान के साथ जीना चाहिए। जो सम्मान हम अपने प्रति दूसरे से चाहते हैं, वही सम्मान हमें दूसरों को भी देना चाहिए। कथा के विश्राम पर यजमान द्वारा व्यास गादी की आरती की गई। भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया।

**दर्शन पूजन कर किया हवन-अनुष्ठान**

## राज्यमंत्री टेटवाल पहुंचे मां बगलामुखी मंदिर



**नलखेड़ा।** नवनियुक्त राज्यमंत्री गौतम टेटवाल मां बगलामुखी माता मंदिर पहुंचे। उन्होंने मातारानी के दर्शन कर पूजन किया तथा मंदिर स्थित यज्ञशाला में बैठकर हवन भी किया गया। माता मंदिर पहुंचने पर टेटवाल का भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ नगर परिषद की ओर से स्वागत कर सम्मान किया व माता बगलामुखी की तस्वीर स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। माता मंदिर के मुख्य पुजारी गोपालदास पंडा जी एवं मनोहरलाल द्वारा मंत्री टेटवाल का स्वागत कर उन्हें माता की चुनरओढ़ाई गई।

## सभी बसों की फिटनेस, इंश्योरेंस कम्पलीट रखें : डीटीओ गौड़

### यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार नहीं करें



**आगर-मालवा** जिले में संचालित सभी बसों की फिटनेस एवं इंश्योरेंस कम्पलीटर रखें, अनफिट एवं बिना इंश्योरेंस के बसे संचालित नहीं करें, फिटनेस, बीमा एवं परमीट के दस्तावेज पूर्ण रखने के साथ ही उनकी एक-एक कॉपी बसों में रखी जाए। यह निर्देश जिला परिवहन अधिकारी बरखा गौड़ ने शुक्रवार को जिले के बस मालिकों की जिला परिवहन कार्यालय में बैठक लेकर दिए। परिवहन अधिकारी श्रीमती गौड़ ने कहा कि वाहनों का संचालन कमर्शियल लायसेंस प्राप्त वाहन चालकों से ही करवाएं, बिना लायसेंस प्राप्त वाहन चालक से वाहन किसी भी स्थिति में नहीं चलवाएं। वाहन चैकिंग के दौरान नियम विरूद्ध वाहन संचालन होना पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बस मालिकों से कहा कि अपने कर्मचारियों को यात्रियों के साथ मधुर व्यवहार रखने हेतु पाबंद करें, कर्मचारी किसी भी यात्री के साथ अभ्रद व्यवहार नहीं करें। बैठक में एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह एवं बस मालिक उपस्थित रहे।

### संगीतमय भागवत कथा में श्रीकृष्ण लीला और गोवर्धन पूजन का प्रसंग सुनाया

## घर का क्लेश आपको विनाश की ओर ले जाता है : बाई सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नगर के नवीन बस स्टैंड कानड़ पर चल रही संगीतमय भागवत कथा महापुराण में शनिवार को पांचवे दिन में कथा व्यास सुगणा बाई सा ने अपने मुखारविंद से भगवान श्री कृष्ण के बाल्य काल की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बाल्य काल में अनेक लीलाएं रची। कथा वाचक द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा गोपियों के घर से माखन चुराने से लेकर यमुना में कालिया नाग के वध तक की सभी लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। कथा श्रवण कर रहे भक्तों को भक्ति मार्ग दिखाते हुए बताया कि आपका कर्म ही लौट कर आता है, अच्छा हो या बुरा आपके द्वारा किया गया। कर्म ही ब्याज सहित फल लेकर आता है। इसलिए किसी का बुरा करने से पहले सौ बार सोचें की यही लौटकर आपके पास आना है। यदि कुछ करना ही है तो किसी का भला करो तो वह भी सो गुना होकर लौटकर आपके पास आएगा। किसी का बुरा करने से मन की शांति भी चली जाती है और घर में क्लेश होने लगता है। घर का क्लेश आपको विनाश की ओर ले जाता है और भगवान की भक्ति परमार्थ की ओर ले जाती हैं इसलिए भगवान की भक्ति करें और अपने जीवन को धन्य करें।

### नटखट नंद किशोर की बाल लीलाओं ने श्रद्धालुओं का मन मोहा





### छप्पन भोग लगाकर की गिरिराजजी की पूजा

संगीत में श्रीमद् भागवत कथा में गिरिराज जी के प्रसंग आते ही मीठे-मीठे सुमधुर भजन गिरीराज धारण प्रभु तुम्हारी शरण, मैं तो गोवर्धन को जाऊं रे, राधे राधे, जैसे मधुर भजनों के साथ गिरिराज जी की पूजा का वर्णन किया गया। गिरिराज पसंद आते ही नगर परिषद अध्यक्ष शिप्रा बाई तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी द्वारा भगवान गिरिराज जी की विधि विधान से पूजन की गई। उसके बाद ने पांडाल में उपस्थित सभी माताओं बहनों ने गिरीराज जी की पूजन की। गिरिराज पुजन के बाद आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया।कथा में नगर श्रद्धालुओ के साथ ही आस पास के ग्रामीणों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## शासकीय वाहन बंजारे हुए सेवानिवृत्त



**देवास।** पशु चिकित्सालय में पदस्थ शासकीय वाहन चालक दशरथ बंजारे शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। बंजारे को खुली जीप में बैठाकर बैण्ड बाजे व डीजे साथ जुलूस निकाला गया। अनेक स्थानों पर उनका पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत कर आतिशबाजी की गई। मप्र शासकीय वाहन चालक/यांत्रिक कर्मचारी संघ जिला शाखा देवास जिलाध्यक्ष अशोक सोनी के नेतृत्व में सेवानिवृत्त बंजारे का शाल ओढ़ाकर, साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत कर बधाई दी। सोनी ने बताया कि बंजारे ने ईमानदारी एवं पूर्ण निष्ठाभाव के साथ अपना कार्यकाल पूरा किया। जिन शासकीय विभागों में उन्होंने अपनी सेवाएं दी। 35 वर्ष शासकीय वाहन चालक की सेवा श्री बंजारे सेवानिवृत्त हुए। इस दौरान उपाध्यक्ष विक्रम सिंह दंशोदी, लेखराज मीणा, कमलेश अवस्थी, कृष्णाजीराव गोंदकर, दिनेश पाटील, महेन्द्र सिंह तोमर, रामचंद्र यादव, गणेश राठौर, रसूल खान, बाबूलाल कुमावत, अरविंद तोमर, सुभाष पटेल, अहिरराव दिवाकर, नरेन्द्र वंजरे, आरिफ खान, ओमप्रकाश भार्गव, नरेन्द्र यादव, जगदीश, नरेन्द्र पटेल, नियाज खान, इकबाल पठान, रवि योगी, राजेन्द्र, सोनू श्रीवास, कैलाश राठौर, धर्मेन्द्र सिंह आदि ने श्री बंजारे का स्वागत कर बधाई दी।

### टंकी निर्माण स्थल को लेकर ग्रामीणों में चल रही खींचातानी

# कमलापुर का मामला: निर्माण स्थल चयन में उलझा पेयजल टंकी का निर्माण कार्य

ग्रामीणों कि आपत्ति के पश्चात अभी निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा, अधर में लटका निर्माण कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत कमलापुर में भी पेयजल योजना स्वीकृत हुई है, जिसके अंतर्गत निर्माण कार्य कमलापुर में किया जा रहा है। इस दौरान पेयजल योजना के अंतर्गत पानी टंकी का भी निर्माण होना है। लेकिन टंकी निर्माण स्थल को लेकर ग्रामीणों में खींचातानी चल रही है, हालांकि पंचायत द्वारा पुराने शासकीय अस्पताल परिसर में टंकी निर्माण के लिए सहमति दी गई है। जिसके बाद ठेकेदार द्वारा यहां पर टंकी निर्माण के लिए गड्ढा भी खोदा गया है।

लेकिन ग्रामीणों कि आपत्ति के पश्चात यहां पर अभी निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतर ग्रामीण जन पुरानी पुलिस चौकी भवन परिसर में टंकी निर्माण की मांग कर रहे हैं, हालांकि जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा जहां पर गड्ढा खोदा गया है वहां पर निर्माण की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार पुरानी चौकी भवन मैदान में गहरी मिट्टी होने के कारण टंकी का बेस मजबूत न बनने का भी कारण बताया जा रहा है, और जहां पर टंकी के लिए गड्ढा खोदा गया है यहां पर पक्की मुरम की जगह होने के कारण यहां पर टंकी निर्माण के लिए उचित जगह बताई जा रही है। शनिवार के दिन कमलापुर में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए बागली विधायक मुरली भंवरा को भी ग्रामीणों ने इस समस्या से अवगत कराया है। वही भंवरा ने आश्वासन दिया है कि दोनों जगह की स्थिति को समझ कर सभी से चर्चा करने के बाद निर्णय लिया जाएगा। हालांकि टंकी निर्माण का कार्य अभी रूका हुआ है, लंबे समय से इस का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण योजना का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। हालांकि तर्क यह भी लगाया जा रहा है, कि जहां पर वर्तमान में टंकी के लिए गड्ढा खोदा गया है, वहां पर पुरानी टंकी बनी हुई है, और कमलापुर के ऐसे कुछ मोहल्ले हैं जहां पर आज भी टंकी का पानी नहीं चढ़ता है, पुरानी चौकी भवन की ऊंचाई होने के कारण वहां पर पानी का लेवल अच्छा होने का अनुमान लगाया जा रहा है, जिससे कि जहां पानी नहीं पहुंच पा रहा है वहां भी पानी पहुंच सकता है।

इसलिए ग्रामीणों की मांग है की पुरानी चौकी भवन मैदान में इस नई टंकी का निर्माण किया जाए। जानकारी के अनुसार लगभग 4 माह पूर्व टंकी निर्माण के लिए गड्ढा खोदा गया था, लेकिन अभी तक वहां पर कार्य नहीं हुआ है, जहां पर हमेशा हादसे का भय बना रहता है। क्योंकि सड़क किनारे यह गड्ढा स्थित है, यहां पर रहवासी क्षेत्र भी है, बच्चे भी यहां से गुजरते हैं। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जिम्मेदारों को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

**टंकी निर्माण में आ रही आपत्ति**

ठेकेदार द्वारा इंजीनियर से कराए गए सर्वे के आधार पर यह जगह चयनित की गई थी, उसी के आधार पर पंचायत द्वारा टंकी निर्माण के लिए सहमति दी गई है, लेकिन यहां पर टंकी बनाने को लेकर कुछ आपत्तियां आ रही है, वरिष्ठों को अवगत करा दिया गया है, टंकी निर्माण की जिम्मेदारी पीएचई विभाग की है।

**ओमप्रकाश सारण,** सचिव कमलापुर

**लोगों ने ठेकेदार से किया दुर्व्यवहार**

पंचायत व्दारा जहां पर जगह निर्धारित कि गई है, वहां पर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, लेकिन कुछ लोगों द्वारा ठेकेदार के लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया गया था, एवं निर्माण कार्य में आपत्ति ली गई, जिसके कारण कार्य बंद है, पंचायत जहां जगह बताएंगी वहां निर्माण कार्य कर दिया जाएगा।

**हेमंत सेठी,** एसडीओ पीएचई विभाग बागली

# परिवहन विभाग अमले ने कार्रवाई कर वसूला जुर्माना

**मोटरयान कर बकाया, जब्त किया वाहन**




**देवास।** परिवन विभाग ने चलाया चैकिंग अभियान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिले में परिवहन विभाग के दल द्वारा यात्री वाहनों के विरूद्ध विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान में देवास के भोपाल एवं मक्सी मार्ग पर पर यात्री बसों की चैकिंग कार्यवाही की गई है। जिला परिवहन अधिकारी जया वसावा, यातायात थाना प्रभारी पवन बागड़ी तथा परिवहन दल के द्वारा मार्ग पर सघन जांच की जाकर लगभग 35 यात्री बसों को चैक किया गया। जिसमें दो यात्री बसों को बिना परमिट संचालन के अपराध में जप्त किया जाकर अभिरक्षा में लिया गया। एक यात्री बस पर लगभग 52000 रुपए मोटरयान कर बकाया होने के कारण जप्त कर अभिरक्षा में लिया गया है। वहीं 01 स्कूल बस फिटनेस प्रमाण पत्र माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाईड लाईन के अनुरूप नहीं पाए जाने पर निरस्त किया गया। साथ ही तीन मैजिक वाहन भी बगैर दस्तावेजों के संचालित होती पाई जाने पर जप्त कर अभिरक्षा में ली गई है। अन्य वाहनों के विरूद्ध भी चालानी कार्यवाही कर 16000 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। यात्री वाहनों के विरूद्ध चैंकिंग अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

# जिला अस्पताल में इंटरनेट बंद होने से जांच हुई प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिला अस्पताल में जिलेभर से मरीज उपचार के लिए आते हैं। सरकार भी मरीजों के उपचार के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। इसके बावजूद यहां कई तरह की अनियमितता सामने आ रही है। हालत तो यह है कि इंटरनेट के बंद होने से विभिन्न प्रकार की जांच तक प्रभावित हो रही है।

मरीज जांच रिपोर्ट के लिए कई घंटे तक परेशान होते रहते हैं।शनिवार को नगर जनहित सुरक्षा समिति के अनिलसिंह बैस को जिला अस्पताल में जांच नहीं होने संबंधी शिकायत मिली। वे पहुंचे तो पता चला कि इंटरनेट बंद होने से जांच नहीं हो रही है। जांच रिपोर्ट भी नहीं जनरेट हो पा रही है। कई मरीज गांव से आए थे, वे काफी देर तक इंतजार कर बगैर रिपोर्ट लिए ही लौट गए। कई मरीज इंतजार करते-करते प्राइवेट लैबोरेटरी में जांच के लिए गए। समिति के बैस ने बताया, कि हमने जानकारी ली तो कर्मचारी ने कहा, कि एडॉप्टर खराब होने से इंटरनेट बंद है। अक्सर ही यहां पर सर्वर की गड़बडी भी सामने आती रहती है। इससे गर्भवतियों सहित अन्य मरीजों को परेशानी होती है। जबकि जिला अस्पताल होने से प्रतिदिन 400 से अधिक मरीजों की जांच होती है। बैस ने बताया इस संबंध में आरएमओ से बात की तब जाकर इंटरनेट सुविधा बहाल हो सकी। समिति के विनोदसिंह गौड़, सुभाष वर्मा, सुनीलसिंह ठाकुर, विजयसिंह तंवर, अनूप दुबे, तकीउद्दीन काजी, राजेंद्रसिंह गौड़ ने कहा कि जिला अस्पताल प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

**स्टेशन के बाहरी क्षेत्र में 2 फीट ऊपर बनाई जा रही पार्किंग** देवास। रेलवे स्टेशन के बाहरीय क्षेत्र में वाहन पार्किंग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पार्किंग के लिए बनाई जा रहे हिस्से को मुख्य मार्ग से ऊपर उठाकर बनाया जा रहा है। जिससे वाहनों को निकालने के साथ बारीश के दिनों में आमजनों को समस्या होगी। एडवोकेट अरविंद तिवारी ने बताया कि रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग क्षेत्र निर्माण के दौरान सीमेंट क्रांकीट का निर्माण किया जा रहा है। उक्त पार्किंग वाले भाग को मुख्य सडक़ से दो फिट ऊपर उठाकर बनाया जा रहा है। यदि निर्माण इस प्रकार ही किया गया तो वाहनों के आवागमन में समस्या तो उत्पन्न होगी।

## श्री खाटू श्याम सेवा समिति ने सामूहिक सुंदरकांड पाठ का किया आयोजन

**देवास।** श्री खाटू श्याम सेवा समिति देवास के तत्वधान में मां चामुड़ा एवम मां तुलजा भवानी की पावन धरा पर अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि पर अराध्य देव श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अतिथि संत महात्माओं के सानिध्य में भजन गायक द्वारका मंत्री एवं साथियों द्वारा संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का भव्य आयोजन 20 जनवरी 2024 शनिवार को रात्रि 7.11बजे से श्री श्याम वाटिका कालानी बाग सेक्टर ए रखा गया है। इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने के इस स्वर्णीय अवसर पर आप सभी भक्तजनों को यह अवसर मिल रहा है, आप सभी की उपस्थिति इस को कार्यक्रम भव्यता प्रदान करेगी। समिति के अध्यक्ष प्रदीप महेश्वरी एवं सचिव जेपी शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि रात्रि 7.11 बजे से हनुमान चालीसा एवं 9 बजे से 11.30 तक सामूहिक सुंदरकांड का वाचन होगा। रात्रि 12 बजे 1111 दीप उत्सव मनाया जाएगां।

# एलपीजी गैस के दुरुपयोग को रोकने के लिए की जा रही है कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा ने बताया कि कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रशासन के संयुक्त दल राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग के कार्यपालिक अमले द्वारा जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर अवैध गैस के भंडारण, परिवहन, अंतरण एवं दुरुपयोग की जांच संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशन में की गई। जांच में अनुभाग देवास में 07 गैस सिलेण्डर एवं अनुभाग खातेगॉव में 13 नग गैस सिलेण्डर कुल 20 नग घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किये जाकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। जप्त सामग्री की कुल कीमत 44000 रुपए है, जिसे शासनहित में राजसात किया जायेगा। मानव जीवन सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये संबंधितों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियान निरंतर प्रचलित रहेगा।

# पीएम श्री स्कूल कमलापुर में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

शासकीय पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल कमलापुर में शनिवार को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बच्चों ने भारतीय एवं भारतीय लोक संस्कृति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अनंत नागर ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मुरली भंवरा रहे। विशेष अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष टिकेंद्र प्रताप सिंह एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश प्रताप सिंह थे। कार्यक्रम में प्रस्तुतियों को उपस्थित जनों ने बहुत पसंद किया एवं खूब सराहा । कार्यक्रम में विद्यालय के रास्ते के लिए भूमि दान देने वाले दानदाता राघौराम पटेल का शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर विधायक द्वारा सम्मान किया गया । वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में स्वागत भाषण शिक्षक मनोहर सिंह राजावत ने दिया। विद्यालय की गतिविधियों एवं प्रगति पर प्राचार्य अनंत नागर ने प्रकाश डाला ।

विधायक से विद्यालय की बाउंड्री वाल की मांग की गई, जिसे पूरा करने का आश्वासन विधायक भंवरा ने दिया। विद्यालयीन स्टाफ के साथ-साथ सरपंच कन्हैयालाल चौहान, जनपद प्रतिनिधि रिजवान भंडारी, रामचंद्र डोड, कृष्ण मुरारी वैष्णव, कल्लन खां पठान, मोइनुद्दीन कुरैशी, विजय प्रकाश जोशी, चिंतेश दुबे, राकेश जाट, राजेश बानीवाल , श्याम सिंह दरबार एवं अन्य जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन एवं पालक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामचंद्र जाट एवं छात्रा खुशी जाट एवं माही बानीवाल ने किया । आभार शिक्षक महेश बिंजवा ने माना ।

# मतदान दलों का प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

पंचायत उपनिर्वाचन हेतु मतदान दलों व कमीशनिंग हेतु गठित दल का एक दिवसीय प्रशिक्षण जनपद सभागृह में रिटर्निंग अधिकारी नायब तहसीलदार पीहू कुरील की उपस्थिति व मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मतदान दलों के 84 सदस्यों तथा कमीशनिंग हेतु गठित दल के 9 उपमंत्री को ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर बी ई ओ एन एस भंडोले, संकुल सहसमन्वयक वारिस अली, वरिष्ठ शिक्षक लोकेन्द्र परिहार व मदनलाल पाटीदार के द्वारा संपूर्ण प्रक्रिया समझाते हुए विस्तार से प्रदान किया गया। ईवीएम मशीन संचालन करने के साथ आवश्यक प्रपत्र आदि को पूर्ण करना भी बताया गया।

कमीशनिंग कार्य 2 जनवरी को तथा 5 जनवरी को संपन्न होने वाले छतरपुरा जनपद क्षेत्र क्रमांक 13 हेतु सदस्य पद तथा उदयनगर सरपंच पद निर्वाचन हेतु यह प्रशिक्षण दिया गया। मतगणना 9 जनवरी को विकास खंड मुख्यालय पर संपन्न होगी। यह जानकारी निर्वाचन शाखा प्रभारी प्रहलाद चावड़ा ने प्रदान की।प्रशिक्षण की संपूर्ण व्यवस्था संचालन जुगल अमडावदिया के द्वारा किया गया।

### दिव्य योग संस्थान ने किया राम भक्तों का अभिनंदन

# मुंबई से अयोध्या पैदल जा रहे राम भक्त भजन संध्या में झूम उठे






हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मुंबई से अयोध्या भगवान रामलला दर्शन के लिए पैदल जा रहे राम भक्तों का जत्था गुरुवार को देवास पहुंचा। जिनका नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। साथ ही स्थानीय मंडी धर्मशाला में दिव्य योग संस्थान के योग गुरु राजेश बैरागी के सानिध्य में राम भक्तों के सम्मान में एक शाम राम के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राम भक्तों का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक गायत्रीराजे पवार, देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, योगाचार्य डॉ. बी.के. तिवारी, श्रीराम शरणम् संस्था के इंदर सिंह नागर, फूल सिंह चावड़ा आदि उपस्थित थे।

आयोजित हुए कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम व हनुमानजी की पूजा-अर्चना व आरती के साथ हुई। तत्पश्चात श्रीराम के जीवन पर योग गुरु राजेश बैरागी ने सारगर्भित उद्बोधन दिया। तत्पश्चात योग गुरु बैरागी जी के साथ पिछले दिनों देवास से अयोध्या तक दौड़ कर यात्रा करने वाले उनके सहयोगियों का भी सम्मान किया गया। इस दौरान इच्छावर से आए भजन गायक सूरदास प्रहलाद ने भगवान श्रीराम से जुड़े भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को राम मय कर दिया।

इन भजनों पर मुंबई से आए राम भक्तों सहित उपस्थित योग साधक भी झूम उठे। इसी दौरान अयोध्या से आए अक्षत कलश को भी कार्यक्रम स्थल पर लाया गया, जिसे विधायक गायत्री राजे पवार ने अपने सिर पर धारण किया और मंच पर लाई। उसके बाद उपस्थित जनों ने कलश की पूजा-अर्चना की।

मुंबई से आए राम भक्तों द्वारा राम पालकी लाई गई थी, जिसे मंच पर रखकर पूजा-अर्चना की गई। उक्त जानकारी संस्थान के सचिव अभिषेक जैन ने दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में तुकोजीराव पवार स्टेडियम, गुरुद्वारा व देवास ग्रीन कालोनी के योग साधक व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात प्रसादी का आयोजन किया गया।

# प्रण: राजमाता के मंत्री बनने तक शर्मा नहीं पहनेंगे जूते-चप्पल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मां चामुंडा के दरबार में भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवनारायण शर्मा ने संकल्प लिया है की वे राजमाता के मंत्री बनने तक जूते चप्पल नहीं पहनेंगे। 1 जनवरी से संकल्प पूरा करने के लिए जूते चप्पलों का त्याग करेंगे। शर्मा ने जूते चप्पलों का त्याग करने का संकल्प लेकर पूर्व में महाराज तुकोजीराव पवार के जब तक मंत्री मंडल में जगह नहीं मिल पाएगी, मंत्री नहीं बन पाएंगे जब तक जूते चप्पल नहीं पहनने का संकल्प लिया था और उनके मंत्री बनने तक संकल्प को पूरी ईमानदारी से साथ पूरा किया।

राजमाता के मंत्री बनने तक दूसरी बार जूता चप्पल त्यागने का संकल्प लेकर यादों को ताजा कर दी गई है। पूर्व में महाराज तुकोजीराव पवार को जब तक मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया था तब 4 साल तक शर्मा ने जूते चप्पल नहीं पहने थे। महाराज तुकोजीराव पवार मंत्री बने और उन्होंने शर्मा को जूते चप्पल पहनाए थे। अब शर्मा ने मां चामुंडा के दरबार मे फिर संकल्प लिया है कि, जब तक राजमाता गायत्री राजे पवार मंत्री नहीं बनेगी जब तक जूते चप्पल नहीं पहनेंगे। यह जानकारी पार्षद राम यादव ने दी।

खबर संक्षेप

## कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार का स्वागत



**आष्टा।** शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र से चुने गए विधायक व डॉ मोहन यादव मंत्रिमंडल में हाल ही में कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल किए गए इंदरसिंह परमार का आज आष्टा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुजालपुर पहुंचकर स्वागत और सम्मान किया। भारतीय जनता पार्टी के नेता सुरेश परमार के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अतुल शर्मा, जुगलकिशोर मालवीय, सुरेश जैन, राधेश्याम अलेरिया सहित अन्य कार्यकर्ता ने इंद्रसिंह परमार का स्वागत और सम्मान किया तथा उन्हें आष्टा आने का निमंत्रण दिया।

## भगवान भोलेनाथ का किया विशेष श्रृंगार



**आष्टा।** नगर के प्राचीनतम पार्वती धाम शंकर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार अलग-अलग रूपों में नित्य ही किया जाता है।बुधवार का दिन विघ्न विनाशक, रिद्धि -सिद्धि के दाता भगवान गणेश का कहा जाता है ,इसलिए भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार भगवान गणेश के रूप में किया गया। जो आकर्षण का केंद्र रहा तथा काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने शंकर मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन विशेष श्रृंगार के किए। शंकर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्राचार्य सुदीप जायसवाल ने बताया कि भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार देखने एवं दर्शन कर प्रसादी ग्रहण करने के लिए काफी संख्या में भगवान भोलेनाथ के भक्त शंकर मंदिर पहुंचे और भगवान की पूजा - अर्चना की।

### बैठक में नगर विकास के महत्वपूर्ण निर्णय पर लगी सर्वसम्मति से मुहर

# नपा का बनेगा नया भवन, शहर में सीसी रोड और नालियों का किया जाएगा निर्माण

अधोसंरचना विकास योजना चतुर्थ चरण अंतर्गत लगभग 422 लाख की लागत से बनेगा नपा का नया भवन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगरपालिका की अध्यक्ष परिषद की बैठक नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा की अध्यक्षता में एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना तथा अध्यक्ष परिषद के सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में नगर विकास के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई, जिस पर सभी सदस्यों ने एकमत होकर नगर के सर्वांगिण विकास के लिए अपनी सहमति व्यक्त की। बैठक में नई पीआईसी सदस्य वार्ड 18 की पार्षद लता तेजपाल मुकाती का नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा सहित सभी सदस्यों ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्षीय परिषद की बैठक में नगर विकास के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति व्यक्त की गई, जिसमें वर्तमान नगरपालिका भवन वर्षो पुराना बना होने के कारण जर्जर अवस्था में है इस हेतु मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना चतुर्थ चरण अंतर्गत लगभग 422 लाख की लागत से नगरपालिका नवीन कार्यालय भवन एवं भवन के विकास कार्य के साथ पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य एवं नगर में मौजूद क्षतिग्रस्त रोड़ की मरम्मत करने एवं नवीन सीसी रोड़, बीटी रोड़, आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत रूपये 428 लाख से होने वाले कार्यो को भी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया गया। नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा ने सभी सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी को एकसाथ लेकर नगर विकास व नगर की सफाई व्यवस्था जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हमेशा कृतसंकल्पित होकर कार्य करते रहेंगे। सरकार द्वारा विभागों के सुनिश्चित होने एवं नगरीय निकाय योजनाओं के पोर्टल में आ रही तकनीकी परेशानियों के ठीक होने के बाद विकास कार्यो में और तीव्रता लाई जाएगी। बैठक में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा, सीएमओ राजेश सक्सेना, उपाध्यक्ष सिद्दीका भूरू खां, पार्षद डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, तारा कटारिया, रवि शर्मा, लता मुकाती, सहायक यंत्री अनिल धुर्वे, उपयंत्री आयूषी भावसार, लेखापाल अनिरूद्ध नागर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

## परीक्षा में ड्यूटी करेंगे सीएम राइज स्कूल के शिक्षक

### 8727 परीक्षार्थी देंगे बोर्ड की परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

इस बार कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में 8727 विद्यार्थी परीक्षा देंगे।निजी स्कूल की तरह नाम भले ही सीएम राइज स्कूल रखा हो, लेकिन स्कूल की सारी व्यवस्थाएं सरकारी ही रहेंगी। स्कूल के शिक्षक परीक्षाओं में ड्यूटी भी करेंगे और मूल्यांकन का कार्य भी। यही नहीं इन स्कूलों को बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा केंद्र भी सीएम राइज स्कूल को बनाया जाएगा। परीक्षा की तैयारी को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया।

विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत ने बताया कि सीएम राइज स्कूलों के शिक्षकों को पिछले सत्र में परीक्षा और मूल्यांकन कार्यों से मुक्त रखा गया था। ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो और परिणाम बेहतर रहें। लेकिन इस बार पिछले आदेश को उलट दिया गया है। इस बार शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा और मूल्यांकन कार्य में लगाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ ही स्कूलों के कैंपस का उपयोग भी परीक्षा कार्य में किया गया जाएगा। सीएम राइज स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाने के आदेश दिए हैं। शिक्षकों का कहना है कि इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी।

हालांकि यह शिक्षक खुलकर कुछ बोलने को तैयार नहीं है ,लेकिन बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी से जो शिक्षक बचेंगे उनके जरिए कोर्स पूरा कराने और रिवीजन कराने की योजना बनाना शुरू कर दी है। शिक्षा विभाग के अफसरों का कहना है कि सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थी भी परीक्षा देंगे। इसलिए उनकी ड्यूटी भी परीक्षा में लगाई जाएगी। श्री राजपूत ने बताया कि विकास खंड आष्टा में बोर्ड परीक्षा केंद्र 24 बनाए गए हैं।जिसमे कक्षा 10 वीं के शासकीय स्कूल के 3930 छात्र और अशासकीय शाला के 2580 छात्र कुल 6510 एवं 12 वीं शासकीय स्कूल के 3346 छात्र और अशासकीय स्कूल के 2035 छात्र कुल 5381 परीक्षा में शामिल होगे।

## विवाद करने पर दर्ज की एफआईआर

**आष्टा।** विधुत बिलों की वसूली के दौरान आष्टा शहर के कसाई पूरा चोराहा पर जुबेर कुरैशी पिता शब्बीर कुरैशी उर्फ रज्जू कुरैशी व आशिक कुरैशी द्वारा बकाया पर विधुत लाइन काटने के दौरान वाद–विवाद किया। गाली-गलोच की गयी , मोके पर बनाया गया विडिओ भी डीलीट कर दिया गया इसके पश्चात थाना आष्टा में उक्त व्यक्ति के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया। बिजली कंपनी द्वारा चुनाव से पूर्व बिल स्थगित कर दिया गया था। चुनाव उपरांत सख्ती से बिजली कंपनी वसूली कर रही है, वही जो हमेशा रेगुलर बिजली बिल का भुगतान नहीं करते है उन्हें शासन माफ कर देती है जबकि नियमित बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ता को कोई फायदा नहीं होता है।

## मृत्यु भोज बंद होना चाहिए, लोग बाहर से आने वालों की व्यवस्था करें, भोजन अपने घर पर करें: गिरीश मुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आज स्थिति यह है कि मरने वाला कभी भी मरे, लेकिन कार्यक्रम रविवार को रखते हैं। धार्मिक कार्यक्रम भी रविवार को हो रहें हैं। मरने वाले परिवार की कैसी भी स्थिति हो उसे मृत्यु भोज रखना ही पढ़ता है। बाहर से आने वाले के लिए भोजन की व्यवस्था हो, स्थानीय लोगों को अपने -अपने घर पर ही भोजन करना चाहिए। मृत्यु भोज में मिठाई भी 3--5 तरह की बनाते हैं। समाज जनों द्वारा मृत्यु भोज पर टीका-टिप्पणी करते हैं। समाज जनों को ध्यान देना चाहिए, अन्य समाज वालों ने मृत्यु भोज बंद कर रहे हैं।गलत बात का विरोध नहीं तो गलत बात को सही मानेंगे।हंस हो की बगुला तय करें। संसार स्वार्थी है। अपने जीवन में बदलाव लाने की कोई तैयारी नहीं। उक्त बातें नगर के महावीर भवन स्थानक में विराजित गिरीश मुनि जी ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि व्यक्ति राग में डूबा हुआ है, व्यक्ति की आयु लगातार घट रही है। अंत तो पुदगल पर्याय का होता है,यह समझें। मृत्यु भोज नहीं करें, वहां जाकर सहयोग अवश्य करें। कुछ श्रावक श्राविकाओं ने मृत्यु भोज नहीं करने का संकल्प लिया।हेमंत मुनि जी ने कहा कि चिंतन करें, मृत्यु को महोत्सव के रूप में मनाया जाए। जन्म दिन तो सभी मनाते हैं। आकाश में स्वतंत्र उड़ने वाले तोता को पिंजरा में बंद कर देते हैं यह गलत है। संयासी ने कहा इस स्वतंत्र पक्षी को पिंजरा में बंद क्यों किया, व्यक्ति बोला यह स्वयं ही पिंजरा में आया है। पिंजरा खोला तो तोता उड़कर वापस पिंजरा में आ गया। वहीं स्थिति मनुष्य की है। अनेक पर्याय में परिभ्रमण करते हुए मनुष्य भव में आएं हैं। आजाद हो पिंजरा से बाहर निकले। अंधकार व मोह छोड़े। जब तक अज्ञान है भटकते रहोगे।

## अधिवक्ता राजाराम परमार का निधन, गमगीन माहौल में हुई अंत्येष्टि, अभिभाषक संघ ने शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की



**आष्टा।** लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे स्थानीय अभिभाषक संघ के युवा अधिवक्ता राजाराम परमार का निधन हो गया। अभिभाषक संघ ने अपने कक्ष में शोकसभा आयोजित कर अपने दिवंगत साथी राजाराम परमार को सामूहिक रूप से शोक श्रद्धांजलि अर्पित की ।उनकी अंत्येष्टि उनके गृह ग्राम इस्माइलखेड़ी में बुधवार की दोपहर को हुई। अभिभाषक संघ अध्यक्ष कृपालसिंह ठाकुर ने लोकसभा के दौरान कहा कि आज हमारा साथी राजाराम परमार हम सभी के बीच से चला गया है। यह घटना अत्यंत दुखद है ।वह कुछ अर्से से बीमार थे और उनका इलाज चल रहा था। श्री ठाकुर ने कहा कि दिवंगत राजाराम परमार बहुत ही सहज ,बेबाक और विद्वान अधिवक्ता थे, उनका निधन अपूरणीय क्षति है। शोकसभा में अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर के अलावा कुलदीप शर्मा, तेजसिंह भाटी, विजेंद्र सिंह ठाकुर,आई ए खान, अनिल विलास, महेंद्र भूतिया आदि उपस्थित थे।

## श्री महालक्ष्मी महिला मंडल की सदस्यों ने गौशाला पहुंचकर गौमाता को खिलाया गौ-ग्रास



**आष्टा।** हिंदू सनातन धर्म में गौ माता की सेवा को ईश्वरी सेवा माना गया है। श्री महालक्ष्मी महिला मंडल की सदस्यगण एक कलर की ड्रेस कोड में गौशाला पहुंची गौ माता के बीच मंगल गीत गए। पार्वती धाम गौशाला के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने गौशाला पधारी महिला मंडल की सदस्यों का स्वागत किया । महालक्ष्मी महिला मंडल की सभी सदस्याएं रविवार को गौसेवा के लिये आई थीं उन्होंने गौवंश को हरा चारा उपलब्ध कराया साथ ही ठंड से गायों और बछड़ो को बचाने के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया । महिला मंडल ने उनके द्वारा गौशाला के लिए प्रतिमाह दी जाने वाली दानराशि 1 हजार 1 सो रुपये भी उपलब्ध कराई ।गौशाला के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह कोषाध्यक्ष संजय सुराणा उपाध्यक्ष किरण दीदी पत्रकार विशेष सहयोगी विपिन सिंघी सहित पदाधिकारियों ने सभी मात्र मृतशक्तियों का आभार व्यक्त किया।

## 'अपने देश में अपार अवसर व संसाधन'

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




विकसित भारत 2047 के संबंध में ग्रीन फील्ड कॉलेज आष्टा में संस्था डायरेक्टर धर्मेन्द्र गौतम ने सुद्दढ. अर्थव्यवस्था के संबंध मे अपने विचार छात्रो के साथ साझा किए। धर्मेन्द्र गौतम ने कहा की देश की स्वतत्रंता के 100 वर्ष यानी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस संकल्प में आर्थिक सामाजिक, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन सहित विकास के विभिन्न पहलुओ को इसमे शामिल किया गया है। भारत को 2047 तक लगभग 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ वैश्विक शक्ति बनाना है। यह तभी संभव है जब हम सभी का कार्यबल इसमें शामिल होगा। अर्थव्यवस्था उतनी ही गति से करेगी। हमारे देश की आबादी का 55 से 60 प्रतिशत तक युवा वर्ग है। इसलिए अगर सोचा जाऐ तो हम भारतीय भारत की एक विषालतम अर्थव्यवस्था के संकल्प को पूरा कर सकते है। हमारे देश मे अपार अवसर व संसाधन है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से स्टॉफ के नसीम अली, साजिद मंसूरी, सुरेश कुशवाह, पुरूषोतम शर्मा, अनिल विश्वकर्मा, राजकुमार परमार, सुरेन्द्र मेवाडा, निलेश परमार, सतीष मेवाडा, मोहन बागवान, राकेश बारेला, दिव्या जैन, खुषबू जैन, चेतना जैन, पूजा वर्मा, अन्नपूर्णा, प्रियंका पटवा, पूजा मेवाडा. व सभी छात्र छात्राऐ उपस्थित थे।

## सीएमओ ने दिए आयुष्मान कार्ड से वंचित परिवारों के कार्ड बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने निकाय के समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटरों व आशा कार्यकर्ताओं की सामूहिक बैठक ली, जिसमें आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड तयसमयसीमा में बनाने के निर्देश दिए। ज्ञात रहे कि आयुष्मान कार्ड योजना सरकार की अतिमहत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है, जिससे निर्धन परिवारों के लोगों को 5 लाख रूपये तक का मुफ्त ईलाज होता है। नपा सीएमओ ने बैठक के दौरान प्रत्येक वार्ड में आशा कार्यकर्ता एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों की टीम गठित कर नगर में आयुष्मान कार्ड से वंचित रहे परिवारों के लोगों को योजना का कार्ड अधिक से अधिक संख्या में बनाने की बात कहीं। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद डॉ. सलीम खान, सीएमएम महेन्द्र पोसवाल, सामुदायिक संगठक पार्वती शर्मा, शिवराज अहिरवार सहित कम्प्यूटर ऑपरेटर, आशा कार्यकर्ताएं मौजूद थे।

### ब्लॉक कांग्रेस ने मनाया भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस

# कांग्रेस के प्रयास से देश को आजादी मिली: ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर



कांग्रेस कार्यालय के पास पार्टी का झण्डा फहराह कर मनाया गया। इस अवसर पर एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि इन दिनों कांग्रेस के भविष्य को लेकर जो सवाल उठाए जा रहे हैं वे तथ्यपरक कम, पूर्वाग्रह-प्रेरित ज्यादा लगते हैं। विफलता और पराजय से कांग्रेस कभी अनजान नहीं रही है, लेकिन यह सच्चाई है कि जब-जब केन्द्र में गैर कांग्रेसी सरकारें सत्तारूढ़ हुई हैं, देश की अर्थव्यवस्था चरमराई है, जातिवादी, अवसरवादी और फिरकापरस्ती गठजोड़ मजबूत हुआ है। धर्मनिरपेक्षता के नैतिक मूल्यों को चोट पहुंची है और गरीबों, कमजोर वर्गों तथा गरीबों की भलाई के काम नहीं हुए। कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस को अपने गौरवपूर्ण अतीत के सिंहावलोकन, वर्तमान में आत्मावलोचन और उज्ज्वल भविष्य के चिंतन की जरूरत है।

आज ऐसी शक्तियां देश पर हावी हैं, जिनका लक्ष्य लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष भारत के बजाए कुछ और है और जो भारत के बहुलतावादी चरित्र को ही खत्म करना चाहती हैं। जबकि भारत विभिन्न धर्मो, संस्कृतियों, भाषाओं और समाजों का ऐसा सुंदर गुलदस्ता है, जिसमें एक साथ कई फूल खिलते हैं, कई रंग दमकते हैं। वही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने लम्बे इतिहास के दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं। इसमें जय और पराजय दोनों का अनुभव लिए राजनीति की कठिन डगर तय की है। 1977-78 के दौरान कांग्रेस के कई बड़े दिग्गज इंदिरा जी का साथ छोड़कर सत्तारूढ़ जनता पार्टी में शामिल हो गये।

लेकिन कांग्रेस के आम कार्यकर्ताओं का भरोसा इंदिराजी पर ही था। 2 जनवरी 1978 को इतिहास की पुनरावृत्ति हुई और कांग्रेस का पुनः विभाजन हुआ। इंदिरा गांधी ने दूरदर्शी कदम उठाते हुए नई पार्टी (कांग्रेस ई) बनाई और देश की जनता ने कांग्रेस ई को ही वास्तविक कांग्रेस मानकर इंदिरा जी के नेतृत्व में विश्वास प्रकट किया। इंदिरा जी ने कांग्रेस को आम आदमी की आशाओं और आकांक्षाओं से जोड़ कर पार्टी को नई शक्ति प्रदान की। हम सब लोग फिर कांग्रेस को मजबूत करेंगे उपरोक्त अवसर पर एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर, पूर्व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कैलाश परमार,विधानसभा प्रत्याशी कमल सिंह चौहान, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डु, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी, महिला कांग्रेस जिलाअध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर ओकार सिंह खेनियापुरा, लोकेन्द्र बनवट, नरेन्द्र कुशवाह, घनशयम जांगड़ा, सन्नवर खान, पार्षद राजकुमार मालवीय, कमल सेठ,प्यारे पटेल,एजाज खान, पार्षद मेहमूद अंसारी, देवबगस पटवारी, तोसिफ, फेजुद्दीन, बन्ने खा मंसूरी,नवाब बेरी,मसूद किला, हरि मेवाड़ा, शंकर बोड़ाना, चेतन भाटी, अशोक डाबरी, शंकर सक्सेना, विजय सोलंकी, दिलीप मालवीय, सतीश मेवाड़ा, राहुल पाटारिया, फारुख पटेल,नजीम बोस, चेतन बालोदिया, दिलिप मालवीय, बब्बन भाई किला, जाहिर अंसारी, आदी उपास्थित रहे।

### जावर में मनाया स्थापना दिवस



**जावर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139 वा स्थापना दिवस स्थानीय जावर गांधी चौक पर कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय सेना से रिटायर हुए फौजी मंगल सिंह ठाकुर का साफा बांधकर पुष्प मालाओं द्वारा सम्मान किया। ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अथक प्रयास द्वारा भारत देश को आजादी मिली एवं पूर्ण राष्ट्र घोषित हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कमल सिंह पहलवान, राजेंद्र कुमार भरेवा ,नारायण सिंह, मानसिंह ठाकुर, जितेंद्र सिंह सेक्टर अध्यक्ष ,धिरज सिंह पहलवान, धीरज सिंह,धर्मेंद्र सिंह, आबिद हुसैन ,सफीक बाबा ,कृष्ण गोपाल अजमेरा,मनोज कुमार जैन, पवन ठाकुर ,हरपाल ठाकुर ,पप्पू भाई, बहादुर परिहार,अहद सिद्दीकी, योगेंद्र ठाकुर, सरफराज भाई, लालू भाई जावर, अरशद मंसूरी ,सोनू मालवीय एवं शेरुभरेवा , शैलेंद्र सिंह ठाकुर बावड़ी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नेमिनाथ मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर निकली श्रीजी की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के साईं कॉलोनी नेमिनगर में नव निर्मित नेमिनाथ जिन मंदिर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की प्रथम वर्षगांठ समाज जनों द्वारा ब्रह्मचारी श्रीपाल भैय्या जी के सानिध्य में बड़े ही धूम धाम से मनाई गई।इस पावन उपलक्ष्य में नेमिनाथ जिन मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा भगवान की प्रतिमा को रजत पालकी में विराजित कर निकाली गई। लाभार्थी परिवार की महिलाएं अपने मस्तिष्क पर मंदिर में स्थाई रूप से विराजित की जाने वाली जिनवाणी को लेकर चल रही थी एवं मूलनायक नेमिनाथ भगवान के वार्षिकी महामस्तकाभिषेक लाभार्थी श्रावकों द्वारा किए गए। जिसमें श्रावक जनों ने बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया। जैन एवं नवीन कुमार जैन शिवालय हॉस्पिटल रहे। मूलनायक वेदी के आसपास नवीन वेदिका में चारों अनुयोगों के प्राचीन ग्रंथों को विराजमान कर माँ जिनवाणी की स्थापना करने का सौभाग्य नरेंद्र- श्रद्धा गंगवाल,मनीष रानी बड़जात्या, सुरेंद्र पीयूष जैन अलीपुर, श्रीपाल हेमन्त जैन नमक,पारस जैन,संजय जैन किला, रमेश अक्षय जैन आदिनाथ ,अनिल सुनील प्रदीप जैन प्रगति को प्राप्त हुआ। शिखर पर मंगल का प्रतीक केसरिया एवं पचरंगी ध्वज स्थापित करने का सौभाग्य जीतमल छीतरमल जैन सात्विक एवं राजेन्द्र कुमार नयन, अंकित जैन वर्धमान को प्राप्त हुआ।

मंदिर के द्वितीय तल पर आदिनाथ भगवान की वेदी में पंचमेरु एवं अष्टमंगल स्थापित किये गए ,जिसका सौभाग्य दिलीप अनुज लक्ष्यपति एवं जीतमल जैन मनोज कुमार जैन सुपर को प्राप्त हुआ।इस अवसर पर ब्रम्हचारी श्रीपाल भैय्या जी ने अपने उदभोदन मे बताया कि जिनवाणी माँ हमे जन्म जरा म्रत्यु रूपी भव -भव के चक्कर से छुड़ाने में सहायक है । हमे प्रतिदिन ग्रन्थों का स्वाध्याय करना चाहिए। मुनिराजों का हम पर बहुत उपकार है, जो यह जिनवाणी हमें लिपिबद्ध कर के शास्त्र सौंप कर गए है।ग्रंथो के स्वाध्याय से ही जीवन मे शांति आती है, यही हमारे जीवन का सार है।

आज के इस महोत्सव को मानना तभी सार्थक माना जायेगा जब हम जीवन मे प्रतिदिन स्वाध्याय करने का संकल्प लेकर यहां से जाएंगे। नेमिनाथ मंदिर की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर भगवान नेमिनाथ जी की प्रतिमा अष्टधातु की रजत पालकी में विराजित कर नगर के प्रमुख मार्गो नेमिनाथ जिनालय से कन्नौद रोड ,टॉकीज चौराहा होते हुए वापस नेमिनगर नेमिनाथ मंदिर पर पहुंची। सैकड़ों की संख्या में श्रावक -श्राविकाएं इस पावन अवसर पर उपस्थित रहे।अंत मे नेमिनाथ जिन मन्दिर सेवा संघ ने प्रभावना वितरित कर सभी समाज जनों का आभार व्यक्त किया।

## ऑनलाइन पेमेंट, जन्म-मृत्यु सर्टिफिकेट सहित अन्य सभी ऑनलाइन सेवाएं पड़ी ठप

# जिले के 14 ही निकायों में ई-नगर पालिका पोर्टल 10 दिनों से ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगरीय विकास एवं आवास विभाग का प्रादेषिक पोर्टल (ई-नगर पालिको) बीते दिनों हैकर्स द्वारा हैक कर लिया गया था। ऐसे में करीब 10 दिनों से राजगढ़ जिले के सभी 14 निकायों में सभी तरह की ऑनलाईन सुविधाएं पूरी तरह ठप्प पड़ी हुई हैं।

छोटे-बड़े किसी भी तरह के भुगतान भी बीते 10 दिनों से अटके हुए हैं। हैक हुए पोर्टल को विभाग द्वारा जल्द ही रिकवरी करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन अभी तक इसमें सफलता नहीं मिली है। ऐसे में राजगढ़, ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर सहित सभी नौ नगर परिषदों में ऑनलाईन भुगतान, जन्म-मृत्यु सर्टिफिकेट सहित सभी तरह की ऑनलाईन सेवाएं ठप्प पड़ी हुई हैं। प्रदेष स्तर से इस तकनीकी समस्या को दूर करने में टैक्नीकल एक्सपर्ट लगे हुए हैं पर अभी तक ऑनलाईन सुविधाएं बहाल नहीं हो पाई हैं। ऑनलाईन कार्य बंद होने से जो काम ऑफलाईन हो जाया करते हैं उन्हें तो निकायों द्वारा पूर्ण किया जा रहा है लेकिन पेमेंट सिस्टम इससे अछूता है।

### दफ्तरों से वापस लौट रहे आम जन

निकायों के समस्त कार्य ऑनलाईन हो जाने से कई ऐसे काम हैं जो ऑफलाईन नहीं हो सकते हैं। ऐसे में निकायों के दफ्तर पहुंचने वाले आमजनों को कुछ दिन में समस्या ठीक होने का कहकर खाली लौटाया जा रहा है।

### सभी तरह का डेटा सुरक्षित

आपको बतादें कि विभागीय पोर्टल किसी तकनीकी समस्या की वजह से फेल नहीं है बल्कि अज्ञात हैकर्स के कब्जे में है। नागरिकों से जुड़ा कई तरह का डेटा ई-नगर पालिका पोर्टल पर दर्ज है। हैकर्स इसे भी निशाना बना सकते थे लेकिन अधिकारियों का कहना है कि सभी डेटा सर्वर में सुरक्षित है।

### रिकवरी होने की उम्मीद है

21 दिसंबर को प्रदेश स्तर से ही यह समस्या आई है। भोपाल स्तर पर तकनीकी एक्सपर्ट समस्या सुलझाने में लगे हैं। निकायों में जो कार्य ऑफलाईन हो सकते हैं वे किए जा रहे हैं। जल्द ही पोर्टल रिकवरी होने की उम्मीद है।

**आरएस साहू**, पीओ, डूडा, राजगढ़

### पेमेंट ऑफलाइन जमा हो रहे लेकिन ऑनलाइन एंट्री नहीं

निकायों में जलकर, संपत्तिकर सहित अन्य तरह के पेमेंट ऑफलाईन तो जमा किए जा रहे हैं लेकिन वे ऑनलाईन दर्ज नहीं हो पा रहे हैं। कर्मचारियों से इन भुगतानों के लिए ऑफलाईन रसीद कट्टों से रसीदें काटकर आमजनों को प्रदाय की जा रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही पोर्टल रिकवर हो जाएगा कर्मचारियों द्वारा ऑफलाईन की जा रही एंट्रियों को ऑनलाईन फीड कर दिया जाएगा।

# 13 मौतों के बाद जागे विभाग के जिम्मेदार दनादन चल रही वाहनों की चेकिंग की

## सभी यात्री बसों में मिल रही कुछ न कुछ खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा



दो दिन पूर्व गुना में हुए हृदय विदारक हादसे में 13 यात्री एक बस में जलकर खाक हो गए थे। इन मौतों के बाद अब कहीं जाकर परिवहन और टैफिक पुलिस एलर्ट मोड पर आई है। जिले से निकले हाईवे सहित अन्य मार्गों पर तेजी से यात्री बसों सहित अन्य यात्री वाहनों की चेकिंग चल रही है।

गुरुवार को कई कंडम, खटारा और बगैर परमिट और फिटनेस के सड़कों पर दौड़ रही बसों पर कार्रवाई के बाद शुक्रवार को भी परिवहन विभाग पूरे दिन कार्रवाई करता नजर आया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैष्य सहित विभाग के अन्य अधिकारियों की टीम ने हाईवे पर दौड़ रही बसों को रुकवाते हुए उनके कागजात, फिटनेस आदि चेक किए। इसके साथ ही ओवर लोडिंग व यात्री बसों में रहने वाली अन्य आवष्यक सेवाओं को जांचा। अकेले ब्यावरा क्षेत्र में डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री बसों में कुछ न कुछ कमियां मिलने पर उन पर चालानी कार्रवाई की गई। अब तक विभाग ने बिना परमिट सड़कों पर दौड़ रहीं चार यात्री बसों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें थाने में खड़ा करवाया है।

### टैफ्रिक पुलिस भी दिखी मुस्तैद

परिवहन विभाग के साथ ही जिले की टैफिक पुलिस भी दो दिन से मुस्तैदी के साथ यात्री वाहनों की चेकिंग में लगी हुई है। राजगढ-खिलचीपुर के बीच एनएच-52 पर जालपाजी रोड पर टैफिक पुलिस द्वारा कई यात्री बसों व अन्य वाहनों को चेक किया गया एवं चालानी कार्रवाई की गई।

## खुद के बेटे ने ही ऐसा मारा की 15 दिन में ठीक हो पाई वृद्धा



**राजगढ़।** शहर के कालाखेत निवासी एक बेटे ने ही अपनी मां के साथ बेइंतहा मारपीट की। इस मारपीट में घायल हुई बुजुर्ग महिला बीते 15 दिनों से जिला अस्पताल में भर्ती रही। अब कहीं जाकर ठीक होने पर वृद्ध महिला को उसकी बेटी शुक्रवार को घर लेकर गई। मारपीट के संबंध में बुजुर्ग महिला की बेटी ने कोतवाली थाने में भी शिकायत की हुई है। जानकारी के अनुसार कालाखेत निवासी भूलीबाई पत्नी कनीराम वर्मा उम्र 65 साल के साथ उनके ही बेटे बीरम ने 15 दिनों पहले जमकर मारपीट की। मारपीट में भूलीबाई के पैर में जमकर चोंट आई। भूलीबाई की बेटी रजनी ने बताया कि उसका भाई घर बेचना चाह रहा है लेकिन भूलीबाई ने मना कर दिया जिसके चलते बीरम ने मां और बहन दोनों से ही मारपीट की है। कई दिन अस्पताल में ईलाज कराने के बाद शुक्रवार को रजनी अपनी मां को लेकर घर के लिए रवाना हुई।

# दो कॉलेजों के समीप फेंके जा रहे काटे गए जानवरों के अवशेष

## बदबू से राहगीरों का निकलना हुआ दुश्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



कई गांवों को जोड़ने वाले बगा रोड पर इन दिनों काटे गए पाड़ों आदि जानवरों के अवषेष फेंके जा रहे हैं। जानवरों के काटने के बाद निकलने वाले अवषेषों को यूं ही आमरोड पर फेंके जाने से राहगीरों का निकलना तक दुष्वार हो रहा है। बगा रोड की जिस सड़क पर इन अवषेषों को फेंका जा रहा है उसके समीप ही एसपी कार्यालय के पीछे व्यवसायिक महाविद्यालय एवं आदर्ष महाविद्यालय भी हैं।

महाविद्यालयों में आने वाले छात्रों सहित बगा रोड के आगे के अन्य गांवों में जाने वाले लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से काटे गए जानवरों के अवषेषों को यहां फेंका जाने लगा है। अवषेषों से इतनी अधिक बदबू निकल रही है कि मुंह पर बगैर कपड़ा लगाए रोड से निकला तक नहीं जा सकता। राहगीरों ने स्थानीय प्रषासन से मांग की है कि जानवरों के अवषेषों को आम रोड पर फेंकने वालों पर कार्रवाई की जाए ताकि आगे से वे ऐसा न करें।

## नववर्ष के स्वागत में आयोजित हो रहीं सांस्कृतिक गतिविधियां



**राजगढ़।** साल 2023 अलविदा कहने वाला है वहीं नववर्ष 2024 के स्वागत में विभिन्न स्कूलों में रंगारंग एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्थानीय केके मेमोरियल स्कूल में 24वें वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेलकूद का आयोजन शुरू हुआ है। संस्था डायरेक्टर राका शर्मा द्वारा पूजन-अर्चन उपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रम आरंभ किए गए। यहां आयोजित 25 से अधिक प्रतियोगिताओं में शाला के 200 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। शुभारंभ पर मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां सभी स्कूलों में आयोजित होनी चाहिए ताकि बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभाएं और कलाकार बाहर आ सकें। तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं की कड़ी में फैंसी डेस, एकल गायन, अंग्रेजी एवं हिंदी शुद्ध लेखन एवं चेयर रेस प्रतियोगिता आयोजित हुई। फैंसी डेस में बच्चों ने वन्य जीवों, महापुरुषों, वैज्ञानिकों सहित अन्य केरेक्टरों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्षन किया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य तेजेंद्र उपाध्याय, रिंकू विजय, ज्योति विजयर्गीय, रानी यादव, अलीषा खान, षिविका साहू, रक्षा पुष्पद, पूजा वर्मा, पूजा चैहान, अर्पित साहू आदि उपस्थित थे।

# एनएच-52 से सेतु ब्रिज तक कायाकल्प योजना से हो रहा का सड़क निर्माण

## ठेकेदार द्वारा मानकों का किया जा रहा उल्लंघन, अतिक्रमण न हटाते हुए सीधे रोड को किया घुमावदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



शासन द्वारा नगरों के कायाकल्प तथा सौंदर्य करण को लेकर राशि प्रदान की गई है। इसी प्रकार नगर परिषद खिलचीपुर में भी 44 लाख रुपये की राशि एनएच-52 से सेतु ब्रिज सोमवारिया सड़क निर्माण हेतु दी गई है। प्रशासनिक प्रकिया टेंडर आदि के बाद सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें इंजीनियर की निष्क्रियता के चलते ठेकेदार द्वारा मनमानी कर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।वही रोड़ को सीधा नहीं करते हुये घुमावदार बनाया जाकर सीधा-सीधा अतिक्रमण कारियों को लाभ दिया जा रहा है, नगरीय प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ेगा।

### स्टीमेट अनुसार ऐसे होना है सड़क निर्माण

नगरी निकाय के अंतर्गत चल रहे एन एच -52 से सोमवारिया के सेतु ब्रिज पुलिया तक 490 मीटर का 12.5 मीटर चैड़ा कायाकल्प सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत 44 लाख रुपये है।वर्तमान रोड के सेंटर में 1 मीटर बीचों बीच पेड़ -पौधो को लगाने की जगह डिवाइडर बनाना है। वही डिवाइडर से दोनों तरफ 5-5 मीटर रोड पर डामरीकरण होना है। बची शेष 1.5 मीटर जगह में नाली निर्माण कार्य के लिये जगह छोड़ना है। लेकिन नगरी निकाय के इंजीनियर के अनदेखी के चलते रोड को मापदंड अनुसार नहीं बनाते हुये घुमावदार बनाया जा रहा है वही ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर निर्माण किया जा रहा है । अब देखना यह है कि नगरी निकाय चल रहे घटिया निर्माण को रोकेगी या फिर ऐसे ही चुप्पी साधे बैठी रहेगी।

### डिवाइडर अभी पूरे बने नहीं ओर हो गये जर्जर

न.प. इंजीनियर की अनदेखी के चलते अभी रोड के शुरुआती काम में अभी-अभी डिवाइडर का निर्माण हुआ है, जिसमें घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है इस कारण बनने के साथ ही डिवाइडर में दरारें पड़ गई है यह तक कहीं -कही तो टूट भी गया है।

### निगरानी में हो रहा काम

नगर परिषद की निगरानी में काम चल रहा है, वो जैसा कह रहे हैं हम वैसा कर रहे हैं, यदि गलत है तो तुड़वाएं।

संजय सक्सेना,
ठेकेदार महादेव पावर्स सीहोर

### मैं दिखवाता हूं

दिखवाता हूं में, यदि घटिया सामग्री लगाई है तो रिपेयर करवायेंगे नहीं तो तुड़वाकर नयी बनवाई जावेगी वही ठेकेदार को नोटिस देंगे।

**अमृतलाल बघेला**, इंजीनियर नप खिलचीपुर

### सुधार किया जाएगा

उपयंत्री को भेज कर दिखाता हू, जो स्टीमेट में है वैसे काम चल रहा होगा आदि नही तो सुधार किया जाएगा।

**अशोक पांचाल**
नप सीएमओ खिलचीपुर

## पेंशनर संघ के अध्यक्ष बने पुष्पद

# पेंशनर संघ ने किया विधायक हजारीलाल दांगी का सम्मान



**जीरापुर।** मध्य प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा जीरापुर के द्वारा नवनिर्वाचित विधायक हजारीलाल दांगी का सम्मान किया। इस दौरान पेंशनर पेंशनरों ने पुष्प हार दुपट्टा साफा पहनाकर कर स्वागत सम्मान किया। जहां पर प्रमुख रूप से पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ,बापू लाल मेवाड़े, दिनेश नागर , बिहारी लाल वैष्णव,रमेश चंद चैरसिया , मांगीलाल अहिरवार, फरीद कुरैशी ,जेसी गुप्ता ,घनश्याम तिवारी, भेरूलाल गुप्ता, रामप्रसाद जोशी ,जमनालाल वर्मा ,केएल वाल सहित अन्य पेंशनर उपस्थित रहे। इसी दौरान पेंशनर संघ के तहसील अध्यक्ष पद पर सर्वमान्य निर्विरोध अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद को मानोनित किये। समस्त पेंशनरों ने उन्हें बधाई दी। पेंशनर संघ अध्यक्ष पुष्पद को दायित्व देते हुए संगठन को और मजबूती प्रदान करने एवं संगठन की प्रत्येक गतिविधियों को समय-समय पर संचालित करते हुए संगठन को ऊंचाइयां देने की अपेक्षाएं की! पुष्पद हमेशा सामाजिक धार्मिक क्षेत्र में अपनी सहभागिता निभाते आ रहे हैं।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया गया आठवां पुण्य स्मृति दिवस



**ब्यावरा।** परम श्रद्धेय आदरणीय ओम प्रकाश भाई की आठवीं पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया । जिसमें सेवाकेंद्र कि संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी , देव दीदी , अनीता दीदी श्रद्धेय भाई जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप जलाया गया। तथा ईश्वरीय परिवार के भाई-बहनों के द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई । आध्यात्मिक जगत की महान विभूति परम तेजस्वी ब्रह्माकुमारीज के मीडिया प्रभाग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष इंदौर जोन के संस्थापक एवं क्षेत्रीय निर्देशक रहे ।राजयोगी ब्रह्माकुमार ओम प्रकाश भाई जी ने अनेक आत्माओं की जीवन को श्रेष्ठता की ओर ले जाने वाले दृढ़ संकल्प की धनी तपस्वी भाई जिनके द्वारा अनेक प्रेरणा लेकर जीवन को धन्य बनाए । भाई जी के अंदर विनम्रता , आत्मविश्वास जैसे अनेक विशेषताएं रग रग में समाई थी उनका जीवन एक प्रेरणा सच था जिनके द्वारा अनेक कन्याओं ने परमात्मा ज्ञान को जीवन में धारण कर उदाहरण मूर्ति बनी।

## चाचा की छेड़खानी से तंग आकर छात्रा ने खाया जहर

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में पढ़ने वाली 18 वर्षीय एक छात्रा कॉलेज गेट पर जहरीली दवा खाकर गिर गई। अन्य छात्राओं और कर्मचारियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। छात्रा के पास एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने अपने चाचा के ऊपर छेड़खानी का आरोप लगाया है। छात्रा बीए फर्स्ट ईयर की छात्रा है। ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण इलाके से वह विदिशा जिला गर्ल्स कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। घटना की जानकारी लगते ही गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य नीता पांडे भी अस्पताल पहुंची। उन्होंने छात्रा की तबीयत की जानकारी ली और परिजनों को उसकी हालत के बारे में बताया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी आशुतोष सिंह राजपूत मौके पर पहुंचे और छात्रा का बयान दर्ज किया। पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर लिया है। टीआई आशुतोष सिंह राजपूत ने बताया कि छात्रा ने कॉलेज परिसर में चूहा मार दवा खा ली थी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत खाटसुर में शिविर का किया आयोजन

# थैलेसीमिया रोगी की हर संभव मदद की जाएगी : कलेक्टर कन्याल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल








विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शनिवार को जनपद पंचायत शुजालपुर की ग्राम पंचायत खाटसुर में शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित व कन्या पूजन कर अतिथियों द्वारा किया गया। इसके बाद विधायक घनश्याम चंद्रवंशी एवं कलेक्टर किशोर कन्याल द्वारा शहीद दिनेश कलमोदिया के स्मारक पर माल्यार्पण भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर कन्याल ने कहा कि जिला प्रशासन शाजापुर द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं सालिगराम सेवा न्यास के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व में शुजालपुर में थैलेसीमिया, ब्लड कैंसर व खून संबंधित रोगी बच्चों एवं हृदयरोगी बच्चों के लिए निःशुल्क ओपीडी व एचएलए जांच शिविर अयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में देश भर से बच्चें एवं उनके परिजन आये थे। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया एक गंभीर बीमारी है तथा इसके इलाज में लगभग 25 लाख रुपए का खर्च आता है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा जिला प्रशासन एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाजापुर के माध्यम से शाजापुर जिले के थैलेसीमिया रोग के मरीजों को 2 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की गई थी, जिसे थैलेसीमिया रोगी को प्रदान की जा रही है। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि यदि शाजापुर जिले का कोई बच्चा इस बीमारी से ग्रसित हो तो वह उसके बारे में उन्हें बता सकते हैं। जिला प्रशासन शाजापुर द्वारा उसकी सभी प्रकार से मदद की जाएगी। इस दौरान उन्होंने सभी पात्र हितग्राहियों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी कहा। साथ ही उपस्थित किसानों एवं ग्रामिणों से नरवाई नही जलाने के लिए भी कहा।

इस दौरान विधायक चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। इसके उपरांत अतिथियों ने लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत लाभार्थियों को पुरस्कार, मेरी कहानी मेरी जबानी अंतर्गत पांच व्यक्तियों ने सफलता की कहानी सुनाई, इन्हें प्रशंसा पत्र भी दिए। साथ ही लाड़ली बहनों को प्रशंसा पत्र दिए एवं उज्ज्वल अंतर्गत लाभार्थियों को लाभ दिया गया। इस मौके पर ग्रामीणजनों की समस्या संबंधी आवेदन भी प्राप्त किए गए। साथ ही अतिथियों द्वारा ग्रामीजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई गई।